an>

Title: Issue regarding law and order situation in Bihar.

श्री अश्विनी कुमार चौबे (बक्सर): अध्यक्ष महोदया, आपने मेरे विÂषय की संवेदनशीलता को समझते हुए मुझे बोलने का मौका दिया, उसके लिए मैं आपका हृदय से आभारी हूं। मैं कल अपने क्षेत्र भागलपुर और बिहार के कई स्थानों पर गया था। दो दिन पहले बिहार के गया जिले में * सत्ताधारी दल की विधायक हैं, विधान पाÂर्षद हैं। उनके बेटे ने गया के व्यवसायी पुत्र, जो परीक्षा देकर गाड़ी से आ रहा था, उसे गोली मार दी। उसका कसूर यही था कि उसने एमएलसी के लड़कों को साइड नहीं दिया, जिसकी वजह से उन्होंने गाड़ी से उतर कर उसे गोली मार दी। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : प्रोसीडिंग में किसी का नाम नहीं जायेगा।

â€¦(व्यवधान)

श्री अश्विनी कुमार चौबे: उन्होंने गोली ही नहीं मारी, बल्कि उसकी गाड़ी को उठाकर उसके पिता, जो रंगदार हैं, एक बहुत बड़े क्रिमिनल हैं, …(व्यवधान) सत्ताधारी हैं, …(व्यवधान) वहां जंगल राज की प्रवृत्ति हो गयी है। …(व्यवधान) दूसरी घटना हमारे जिले के सुल्तानगंज में हुई। …(व्यवधान) एक डकैत ने …(व्यवधान) जय प्रकाश यादव, तुम बैठ जाओ। …(व्यवधान) डकैत तुम्हारे यहां भी …(व्यवधान) जय प्रकाश जी राजद के हैं। …(व्यवधान)

महोदया, सुल्तानगंज में दूसरी घटना घटी। हमारे जिले में, हमारे घर के बगल में इनके लोगों ने गांव में, घर में डकैती की और भाजपा के कार्यकर्ता की बच्ची के साथ बलात्कार करने का प्रयास किया। …(व्यवधान) लेकिन उसकी मां ने डकैतों को ताले में बंद कर दिया। …(व्यवधान) उसके पिता ने डकैतों को उठाकर पटका। …(व्यवधान) दो डकैतों की कमर टूट गयी। …(व्यवधान) उसके पिता को गोली मार दी गयी। …(व्यवधान) जय प्रकाश यादव, तुम जवाब दो कि वह यादव कौन था? …(व्यवधान) आरजेडी के नेताओं का संरक्षक है।. …(व्यवधान) सत्ता के नेताओं का संरक्षक है। …(व्यवधान) बिहार में गुंडा राज, जंगल राज हो गया है। …(व्यवधान) राजनेता की हत्या, भाजपा के नेताओं की हत्या, उसके भाई की हत्या …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष:

डॉ. संजय जायसवाल,

श्री अनुराग सिंह ठाकुर,

श्री निशिकांत दुबे,

श्री पी.पी.चौधरी,

श्री भैरों प्रसाद मिश्र,

श्री सी.पी. जोशी,

कुँवर पुÂष्पेन्द्र सिंह चन्देल,

श्री रोड़मल नागर,

श्री सुधीर गुप्ता,

श्री शरद त्रिपाठी और

श्री आलोक संजर को श्री अश्विनी कुमार चौबे द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्री राजेश रंजन (मधेपुरा) : बिहार के नालंदा जिले में, जो मुख्यमंत्री का गृह क्षेत्र है, आठ साल के बच्चे को एक दिन पहले किडनैप किया और दूसरे दिन मारकर उसके घर पर लाकर फेंक दिया। मुख्यमंत्री का गृह क्षेत्र है। …(व्यवधान) … *को इनके हसबैंड से चार करोड़ रुपया …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : किसी का नाम रिकार्ड में नहीं आएगा।

… *

श्री राजेश रंजन : माननीय अध्यक्ष जी, चार करोड़ रुपया मुख्यमंत्री के बड़े भाई ने लेकर जबदस्ती एमएलसी का टिकट दिया। …(व्यवधान) आपको आश्चर्य होगा, सहरसा में अभी तीन बार का मुखिया, … * राजद का ही युवा अध्यक्ष और अत्यंत पिछड़ा प्रकोÂष्ठ … * को दिन में 11 गोली मारी गई। चार दिनों में सहरसा में सात …(व्यवधान) आपको आश्चर्य होगा, आरा में, सासाराम में, गया में लगातार बिहार…(व्यवधान) में जिस तरह से एक मां की गोद सूनी की गई।…(व्यवधान) मैं जानना चाहता हूं, इन माफियाओं को टिकट, किसी की पत्नी, किसी के पति को टिकट दिया

गया, कितने करोड़ रुपए लेकर दिया?...(व्यवधान) ये व्यवसायी, गोली माफिया...(व्यवधान) एक व्यक्ति प्रधानमंत्री बनने का सपना देख रहा है और एक व्यक्ति मुख्यमंत्री बनने का सपना ...(व्यवधान) हिंदुस्तान में बिहार की चिंता नहीं है। लोकतंत्र खतरे में है।...(व्यवधान) छः करोड़ व्यक्ति असुरक्षित हैं।...(व्यवधान) बिहार में बेटी का ब्लात्कार, डकैती...(व्यवधान) बिहार सरकार को बर्खास्त करना चाहिए।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष:

श्री भैरों प्रसाद मिश्र,

कुँवर पुÂष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री राजेश रंजन द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।